हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 6 जनवरी 2026

04 शहर की कई कॉलोनियों के लोगों को मिलेगा अब...



07 वसुंधरा ने ओढ़ी कोहरे की चादर, 24 घंटे में 3...





# ठंड का ऑरेंज अलर्ट: दो दिन से कड़ाके की ठंड, पारा 6.5 डिग्री पहुंचा, आने वाले कुछ दिनों में गिर सकता है मावठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर


सीहोर जिले में सोमवार सुबह सीजन का सबसे घना कोहरा छाया रहा। घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी घटकर लगभग 15 मीटर रह गई, जिससे एक इमारत से दूसरी इमारत को देख पाना मुश्किल हो गया। जिले में आज न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले रविवार को न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस था। हवाएं 3 से 4 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलीं।

### आने वाले कुछ दिनों में मावठे की आशंका

घने कोहरे के कारण सूर्योदय के बाद भी सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुंच सकीं। पूरे जिले में कोहरे की चादर छाई रही, जिससे आसपास की वस्तुएं भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रही थीं। मौसम विभाग का यह अनुमान सही साबित हुआ कि सीहोर जिला घने कोहरे की चपेट में रहेगा। शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि उत्तर दिशा से आ रही ठंडी और बर्फीली हवाओं के कारण यह घना कोहरा छाया है।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आसमान में बादलों की सघनता धीरे-धीरे बढ़ रही है। डॉ. तोमर के अनुसार, बादलों की बढ़ती सघनता के कारण चने की फसल में इल्ली का प्रकोप होने की आशंका है। वहीं, गेहूं की फसल के लिए ओस फायदेमंद साबित हो रही है। उन्होंने यह भी संभावना जताई कि यदि बादलों की सघनता इसी प्रकार बढ़ती रही, तो आगामी दिनों में मावठा (बारिश) भी हो सकती है।





### अब सुबह 9.30 बजे से लगेंगे स्कूल, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

**सीहोर।** उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण जिले में भी ठिठुरन बढ़ गई है। गिरते तापमान और शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी विद्यालयों के संचालन समय में बदलाव करने के निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में ठंड में हुई अत्यधिक वृद्धि को देखते हुए छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। अब सुबह की पाली में संचालित होने वाले सभी विद्यालय 6 जनवरी से सुबह 9.30 बजे से ही संचालित होंगे। यह आदेश आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा, ताकि बच्चों को सुबह की कड़ाके की ठंड और कोहरे से राहत मिल सके।

**इन सभी पर लागू होगा आदेश :** प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समय में बदलाव का यह फैसला सरकारी स्कूलों के लिए नहीं है। यह आदेश जिले के भीतर संचालित होने वाले निम्नलिखित सभी संस्थानों पर अनिवार्य रूप से लागू होगा, जिनमें सभी शासकीय एवं अशासकीय, निजी विद्यालय, समस्त आंगनबाड़ी केंद्र, प्री.प्रायमरीए नर्सरी और केजी की कक्षाएं, कक्षा 1 से 12वीं तक की सभी शालाएं, केंद्रीय विद्यालय एवं सीबीएसई से संबद्ध समस्त स्कूल शामिल हैं।

**लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई :** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला शिक्षा अधिकारी और संबंधित विभागों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में साफ कहा गया है कि यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। यदि कोई भी स्कूल प्रबंधन निर्धारित समय से पहले स्कूल खोलता पाया गया, तो उसके विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

**अभिभावकों ने जताई खुशी :** पिछले दो-तीन दिनों से जिले में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। सुबह के समय कोहरे और शीतलहर के कारण छोटे बच्चों को स्कूल भेजने में पालकों को काफी परेशानी हो रही थी और उनके स्वास्थ्य का डर बना हुआ था। प्रशासन के इस निर्णय से अभिभावकों ने राहत की सांस ली है।

## खबर संक्षेप

### जरूरतमंदों को मिलेगा निःशुल्क इलेक्ट्रिक कृत्रिम हाथ

**सीहोर।** सड़क दुर्घटना या अन्य किसी हादसे में हाथ गंवाने वाले अथवा जन्म से ही हाथ नहीं होने वाले जरूरतमंद नागरिकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि 15 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे नागरिक जिनका एक या दोनों हाथ कोहनी के नीचे नहीं है अथवा किसी दुर्घटना में कट गए हैं, उन्हें निःशुल्क इलेक्ट्रिक कृत्रिम हाथ उपलब्ध कराए जाएंगे। इलेक्ट्रिक कृत्रिम हाथ लगने के बाद व्यक्ति रोजमर्रा के कार्य जैसे पकड़ना, उठाना, बनाना, लिखना सहित अपने दैनिक कार्य कर सकेगा तथा कार और बाइक चलाने में भी सक्षम हो सकेगा। "हमें उन हाथों को थामना है जिनके हाथ नहीं हैं" टैगलाइन के साथ पुणे की संस्था इनाली फाउंडेशन के सहयोग से नेशनल हेल्थ मिशन द्वारा यह पहल की जा रही है, जिसके तहत कृत्रिम हाथ निर्माण एवं प्रदाय हेतु अनुबंध किया गया है।

### रवि विरहा ने जीता रजत पदक



**सीहोर।** स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप–2026 का भव्य आयोजन दिनांक 4 जनवरी 2026 को भेल स्पोर्ट्स परिसर, भोपाल में किया गया। इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर के मास्टर्स वर्ग के शीर्ष एथलीटों ने सहभागिता की।इस प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी रवि विरहा ने 60+ आयु वर्ग की शॉट पुट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 8.50 मीटर की थ्रो के साथ रजत पदक अर्जित किया। श्री विरहा ने सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी उत्कृष्ट फिटनेस, अनुशासन और अनुभव का प्रभावशाली परिचय दिया।इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ ही रवि विरहा का चयन आगामी नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश मास्टर्स टीम में किया गया है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिनांक 28 जनवरी 2026 से केरल में आयोजित होगी, जहाँ वे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए शॉट पुट स्पर्धा में भाग लेंगे।

## मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में दिग्विजय सिंह ने इछावर के खेरी में की पदयात्रा

# बीजेपी के अभेद्य किले में 'दिग्गी' की सेंधमारी कार्यकर्ता के घर रात गुजारकर शुरू की पदयात्रा

### कार्यकर्ता के घर बिताई रविवार की रात, सोमवार को सुबह से ही घर-घर जाकर ग्रामीणों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/इछावर

कांग्रेस के चाणक्य कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एक बार फिर अपने पुराने अंदाज में नजर आ रहे हैं। 78 वर्ष की उम्र में भी वे सक्रियता के मामले में युवाओं को मात देते दिख रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र इछावर के ग्राम खेरी से पदयात्रा शुरू कर उन्होंने संकेत दे दिए हैं कि कांग्रेस अब बीजेपी के मजबूत किलों में सीधी लड़ाई लडऩे को तैयार है।

बता दें इस दौरे में सबसे ज्यादा चर्चा दिग्विजय सिंह की सादगी और रणनीति की हो रही है। वीआईपी सुख-सुविधाओं और विश्राम गृहों को छोड़ दिग्विजय सिंह ने रविवार की रात ग्राम खेरी में एक साधारण कार्यकर्ता मांगीलाल पटेल के घर बिताई। रात भर कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर उन्होंने न केवल गुटबाजी खत्म करने का मंत्र दिया, बल्कि पंचायत स्तर पर संगठन की नई नींव भी रखी।

### दिल्ली से भोपाल तक हलचल

दिग्विजय की इस पदयात्रा का असर दिल्ली तक दिख रहा है। उनके इस घेराबंदी वाले अभियान से परेशान होकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी दिल्ली से मोर्चा संभालना पड़ा और इसे 'भ्रष्टाचार बचाओ संग्राम' करार दिया। हालांकि दिग्विजय सिंह अपने अभियान पर अडिग हैं और इछावर के जरिए पूरी मध्य प्रदेश कांग्रेस में नया जोश भरने की कोशिश कर रहे हैं।

### गांधी के सम्मान के लिए 'सड़क' पर उतरे

सोमवार को पदयात्रा की शुरुआत करते हुए दिग्विजय सिंह ने सीधे केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मनरेगा का नाम बदलकर उसमें से महात्मा गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता का अपमान है। दिग्विजय सिंह ने संकल्प लिया कि जब तक सरकार गांधी जी का नाम वापस नहीं जोड़ती, यह आंदोलन **नहीं** थमेगा। वे खुद गांव-गांव जाकर मनरेगा जॉब कार्ड धारकों से संवाद कर रहे हैं और उन्हें बता रहे हैं कि यह योजना कैसे उनके अधिकारों से जुड़ी है।

**बीजेपी के गढ़ में खलबली :** इछावर विधानसभा क्षेत्र जहां से राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 8 बार से विधायक हैं, वहां दिग्विजय सिंह का इस तरह डटना बीजेपी के लिए बड़ी चुनौती माना जा रहा है। दिग्विजय सिंह का पूरा फोकस उन गरीब मजदूरों और ग्रामीण परिवारों पर है, जो चुनाव में हार-जीत तय करते हैं।



### दिग्विजय सिंह का खेरी में रात रुकने का चयन सहीं नहीं: डॉ. बलवीर तोमर



**सीहोर।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के दो दिवसीय इछावर दौरे को लेकर अब पार्टी के भीतर से ही विरोध के स्वर उठने लगे हैं। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर ने दिग्विजय सिंह के रुकने के स्थान के चयन पर सवाल उठाते हुए इसे राजनीतिक रूप से नुकसानदेह बताया है।

पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर ने अपने बयान में कहा कि दिग्विजय सिंह इछावर यात्रा के दौरान एक गांव में रुके थे, लेकिन उनका चयन गलत था। उन्होंने तर्क दिया कि कांग्रेस का मुख्य आधार स्तंभ अनुसूचित जाति, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्ग है। तोमर के अनुसार हमें इन वर्गों के बीच रुकना चाहिए था। दिग्विजय सिंह जी के इस वर्ग के यहां न रुकने से समाज में एक गलत संदेश गया है। मैं नहीं मानता कि उनके इस कदम से क्षेत्र में कांग्रेस को कोई मजबूती मिलेगी।

### पटवारी की कार्यशैली पर भी उठाए सवाल

डॉ. तोमर ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की सोच पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि पटवारी जी के मन में यह धारणा है कि इन वर्गों का साथ कांग्रेस को नहीं मिल रहा है, जो कि पूरी तरह निराधार है। डॉ. तोमर ने कहा कि जीतू पटवारी जी के अध्यक्ष बनने के बाद अभी तक कोई चुनाव नहीं हुए हैं। यदि चुनाव होते और परिणाम पक्ष में नहीं आते, तब ऐसी बात कहना तर्कसंगत होता। बिना चुनाव के ही यह मान लेना कि यह वर्ग हमारे साथ नहीं है, केवल कयास लगाना है और मैं इसे सही नहीं समझता।

## पं. प्रदीप मिश्रा को संत नहीं मानते दिग्विजय सिंह



**सीहोर।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को संत नहीं मानते हैं। जिले के दो दिवसीय दौरे के दौरान सोमवार को इछावर के ग्राम खेरी में दिग्विजय सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे पंडित प्रदीप मिश्रा को संत नहीं मानते हैं। पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा भगवान शिव की तुलना आरएसएस से किए जाने पर भी कड़ी आपत्ति जताई।

बता दें पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा बीते दिनों राजधानी भोपाल में संघ प्रमुख मोहन भागवत के सामने भगवान शिव और संघ के बीच की गई तुलना पर पूछे गए सवाल के जवाब में दिग्विजय सिंह ने कहा मैं प्रदीप मिश्रा को न तो संत मानता हूं और न ही बहुत बड़ा वक्ता हैं, वे जिस तरह की बातें कर रहे हैं, उसकी वजह से वे मीडिया में ज्यादा बने रहते हैं। हमारी आस्था भगवान शंकर के प्रति है और उनकी तुलना किसी संगठन से करना भगवान का अपमान है। मैं इसकी घोर निंदा करता हूं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि पं. मिश्रा जी अच्छे कथावाचक हो सकते हैं और लोग उनकी कथा सुनने जाते हैं, जिसमें उन्हें कोई समस्या नहीं है।

### मनरेगा के बहाने शिवराज पर साधा निशाना

इछावर में मनरेगा श्रमिकों से संवाद करते हुए दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलना और नए कानून लाना गरीबों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिवराज चौहान के कार्यकाल में मजदूरों की अनदेखी की जा रही हैए जिसके खिलाफ कांग्रेस का शंखनाद जारी रहेगा।

### ग्रामीणों के बीच पैदल पहुंचे दिग्गी




राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले दिग्विजय सिंह का अंदाज इस बार बिल्कुल जमीनी दिखा। ग्राम खेरी में कार्यकर्ता के घर रात्रि विश्राम के बाद सुबह वे पैदल ही गांव की गलियों में निकल पड़े। उन्होंने घर-घर जाकर ग्रामीणों से पानी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि इछावर क्षेत्र में कांग्रेस का संगठन काफी मजबूत है और वे जनता की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेंगे।

## तापमान में गिरावट को देखते हुए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव के निर्देश दिए

# नागरिकों को प्रदाय होने वाले पेयजल की जांच सुनिश्चित की जाए: कलेक्टर बालागुरू के.

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों की विभागीय गतिविधियों की भी समीक्षा की। टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को प्रदाय किए जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन का दायित्व है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पेयजल पाइपलाइन की शुरुआत से लेकर टेल एंड तक विभिन्न स्थानों से नियमित रूप से पानी के सैंपल लिए जाएं और जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि प्रत्येक नागरिक तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल पहुंच सके।



उन्होंने आगामी महीनों में पेयजल की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आवश्यकता पड़ने पर नलकूपों/बोरवेल को अधिग्रहित कर वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए भी कहा गया।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, जमील खान, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### सार्वजनिक स्थलों पर अलाव के निर्देश

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में लगातार गिर रहे तापमान को ध्यान में रखते हुए नागरिकों की सुरक्षा एवं राहत के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि राहगीरों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से राहत मिल सके। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी रैन बसेरों को हर समय खुला रखा जाए और वहां आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों को सुरक्षित आश्रय मिल सके। कलेक्टर ने नगर निकायों एवं संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे नियमित निगरानी रखते हुए राहत व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करें।

# भैरुंदा में 'सांसद कप' का फाइनल आज देखने आएंगे शिवराज सिंह चौहान



**सीहोर।** जिले के भैरुंदा में इन दिनों सांसद कप का आयोजन चल रहा है, जिसकी कमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बड़े बेटे और युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान संभाल रहे हैं। इस खेल महाकुंभ का समापन आज यानी 6 जनवरी को होने जा रहा है, जिसमें विजेताओं का उत्साहवर्धन करने स्वयं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार सुबह 10.40 बजे दिल्ली से विशेष विमान द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12.05 बजे वे भोपाल पहुंचेंगे। कुछ समय राजधानी में बिताने के बाद वे दोपहर 3.00 बजे सडक़ मार्ग से भैरुंदा के लिए रवाना होंगे और शाम 4.30 बजे वहां पहुंचेंगे। शाम 5.20 बजे वे सीधे भैरुंदा स्टेडियम पहुंचेंगे, जहां खेल प्रेमियों और खिलाडिय़ों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।

**फाइनल मुकाबलों का उठाएंगे आनंद :** केंद्रीय मंत्री शाम 5.30 बजे से रात 9.00 बजे तक स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। इस दौरान वे बुधनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित सांसद कप क्रिकेट और कबड्डी के रोमांचक फाइनल मुकाबले देखेंगे। मैच के समापन के बाद वे विजेता टीमों को पुरस्कृत भी करेंगे। रात 9.00 बजे वे पुनः भैरुंदा से भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे।

**कार्तिकेय चौहान के हाथों में कमान:** गौरतलब है कि इस पूरी प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी कार्तिकेय सिंह चौहान के कंधों पर है। उनके नेतृत्व में बुधनी विधानसभा के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की सैकड़ों टीमों ने इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। कार्तिकेय खुद लगातार मैदान पर डटे हुए हैं और व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।

**स्टेडियम में उमड़ेगा जनसैलाब:**सांसद कप के फाइनल और शिवराज सिंह चौहान के आगमन को लेकर भैरुंदा के नागरिकों और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। स्टेडियम में दर्शकों की भारी भीड़ जुटने की संभावना है। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए स्थानीय प्रशासन ने भी कमर कस ली है।

## खबर संक्षेप



### ग्राम सेमरादांगी में स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर आयोजित

**सीहोर।** रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा रविवार को ग्राम सेमरादांगी में स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव विपुल चांडक ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में लगभग 210 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान 13 यूनिट रक्तदान भी प्राप्त हुआ, जिससे जरूरतमंद मरीजों को लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य शिविर में विशेष रूप से बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर को सफल बनाने में रेड क्रॉस सदस्य मान सिंह दांगी का विशेष योगदान रहा। स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पाकर ग्रामवासियों में उत्साह देखने को मिला। शिविर के सफल आयोजन पर ग्राम सेमरादांगी के नागरिकों ने रेड क्रॉस सोसायटी एवं सचिव विपुल चांडक के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित करने की मांग की।

### अंडरग्राउंड सीवेज निर्माण कार्य का विधायक सुदेश राय और नपाध्यक्ष राठौर ने किया शुभारंभ

# शहर की कई कॉलोनियों के लोगों को मिलेगा अब अंडरग्राउंड सीवेज सिस्टम का लाभ

अमृत 2.0 योजना से बनने वाले सीवेज सिस्टम के बाद क्षेत्र के नदी नालो में भी पानी लंबे समय तक साफ रहेगा और अंडरग्राउंड वॉटर लेवल भी बढ़ेगा जिसका लाभ सभी नागरिकों को प्राप्त होगा।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार सुबह बढ़ियाखेड़ी स्थित लूर्दमाता स्कूल के पास विधायक सुदेश राय और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने संयुक्त रूप से नागरिकों की मांग को पूरा करते हुए अमृत 2.0 अंतर्गत सीवेज निर्माण कार्य का विधिवत जेसीबी मशीन और भूमि का पूजन कर शुभारंभ किया गया। विधायक ने नपाध्यक्ष राठौर के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहाकि हमारा शहर स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित हो रहा है, उनके कार्य सराहनीय है। सीवेज कार्य पूर्ण होने पर क्षेत्रवासियों को सड़क पर बहने वाली गंदगी और खस्ताहाल सड़कों से मुक्ति मिलेगी।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने कहाकि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और विधायक राय द्वारा शहर में इस वर्ष करोड़ों रुपए के कार्य होने जा रहे है। नए साल की शुरूआत में शहर के एक बड़े हिस्से में सीवेज का कार्य किया जाएगा। इसमें करीब 26 करोड़ रुपए की लागत से करी वार्ड क्रमांक 1, 2 और तीन में कार्य का भूमि पूजन किया गया है। तेजी रफ्तार से सीवेज कार्य पूर्ण किया जाएगा। बारिश से पहले सीवेज और जहां पर सीवेज का कार्य पूर्ण होने के बाद करोड़ों रुपए की सड़कों का निर्माण किया जाएगा। सीवेज का कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण बढ़ियाखेड़ी में अनेक सड़कों का निर्माण कार्य नहीं होने से क्षेत्रवासियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन आगामी दिनों में इन क्षेत्रों का विकास कार्य पूर्ण किया जाएगा साथ ही सीवेज का कार्य मंडी में भी तेजी से किया जाएगा।

शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि अमृत 2.0 योजना के तहत बढ़िया खेड़ी,कोली मोहल्ला, पार्टी मोहल्ला सहित विभिन्न कॉलोनी में अंडरग्राउंड सीवेज का निर्माण कर कराया जाएगा। अंडरग्राउंड सीवेज सिस्टम का निर्माण होने के बाद नालियों पर निर्भरता कम होगी और घरों का गंदा पानी सीधे अंडरग्राउंड सीवेज के माध्यम से फिल्टर प्लांट पहुंचेगा। प्लांट में फिल्टर होने के बाद यह व्यर्थ बहने वाला पानी अन्य दूसरे कार्यों में काम आएगा।

अमृत 2.0 योजना से बनने वाले सीवेज सिस्टम के बाद क्षेत्र के नदी नालो में भी पानी लंबे समय तक साफ रहेगा और अंडरग्राउंड वॉटर लेवल भी बढ़ेगा जिसका लाभ सभी नागरिकों को प्राप्त होगा। शुभारंभ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों के द्वारा विधायक सुदेश राय और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर का फूल माला पहनाकर स्वागत कर आत्मीयता से आभार व्यक्त किया।

**गंदा पानी की शिकायत मिलने पर करें त्वरित समाधान**

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने कहाकि इंदौर में दूषित पानी की घटना के बाद शहर में नगर पालिका अमले के द्वारा जहां पर भी गंदे पानी की सप्लाई आदि की शिकायत मिलेगी, समस्या का समाधान किया जाएगा। सहायक यंत्री विजय कोली ने बताया कि पेयजल सप्लाई शाखा की बैठक का आयोजन किया था, इसमें नगर पालिका और पीएचई की टीम ने शहर के क्षेत्र पानी के सैंपल लिए है। इसके अलावा लीकेज आदि की स्थिति पर टीम ध्यान दे रही है।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ, नगर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल

### सात दिवसीय कथा से आध्यात्मिक जागरण, 11 जनवरी को भंडारे के साथ होगा समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर की स्तुति विहार कॉलोनी स्थित शिव मंदिर परिसर में सोमवार से भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर हो उठा, जब कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। पारंपरिक वेशभूषा में सजी-संवरी महिला श्रद्धालुओं की बड़ी सहभागिता ने आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया। नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कलश यात्रा ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

कथा का रसपान जामली से पधारे सुविख्यात कथावाचक कमलेश शर्मा के मुखारविंद से कराया जा रहा है। आयोजन के यजमान महेश यादव (दिमावर वाले) एवं उनके पुत्र दुर्गेश यादव हैं, जिनके संयोजन में यह धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहा है। कथा का समापन 11 जनवरी को पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ होगा। कलश यात्रा का शुभारंभ कथा स्थल से हुआ, जो नगर के खाटू श्याम मंदिर पहुंची। यहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद पवित्र जलस्त्रोत से जल भरकर कलश यात्रा पुनः आयोजन स्थल पर लौटी। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधियों के साथ कलशों की स्थापना की गई। आरती के पश्चात कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

कथावाचक कमलेश शर्मा ने प्रथम दिवस कथा की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सभी कथाओं में श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इसका आयोजन होता है, वह तीर्थ के समान पवित्र हो जाता है। इस कथा का श्रवण और आयोजन कराने का सौभाग्य प्रभु की कृपा से ही प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अनजाने में भी इस कथा का श्रवण कर ले, तो वह अनेक पापों से मुक्त हो जाता है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि सात दिनों तक चलने वाली इस पावन कथा को पूरे मनोयोग से सुनें। यदि किसी कारणवश सातों दिन उपस्थित रहना संभव न हो, तो दो-तीन या चार दिन भी समय निकालकर कथा का श्रवण अवश्य करें, क्योंकि इसका फल अवश्य प्राप्त होता है। यह कथा भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध तक के प्रसंगों के साथ जीवन में धर्म, भक्ति और मोक्ष का महत्व बताया गया है।

कथावाचक ने राजा परीक्षित का उदाहरण देते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण सबसे पहले अभिमन्यु के पुत्र राजा परीक्षित ने किया था। तक्षक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु के भय से मुक्त होकर उन्होंने मोक्ष की प्राप्ति की। कथा का प्रभाव मनुष्य को बुराइयों से दूर कर धर्म के मार्ग पर अग्रसर करता है और अंततः मोक्ष की ओर ले जाता है।

नगर भैरुंदा में चल रही इस कथा से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूबा हुआ है। प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमियों से कथा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# रुद्राक्ष महोत्सव में पंडित प्रदीप मिश्रा संग मंच साझा करेंगे बागेश्वर धाम सरकार

### कुबेरेश्वर धाम में सजेगा आध्यात्मिक संगम



**सीहोर।** जिला मुख्यालय की पावन धरा पर स्थित कुबेरेश्वर धाम आगामी 17 फरवरी को आध्यात्मिक गौरव का साक्षी बनने जा रहा है। धाम पर आयोजित होने वाले भव्य 'रुद्राक्ष महोत्सव' के पावन अवसर पर, सनातन धर्म के प्रखर ध्वजवाहक बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का गरिमामयी आगमन होने जा रहा है।

रुद्राक्ष महोत्सव का आध्यात्मिक स्वरूपः विट्ठलेश सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाला यह महोत्सव पूर्णतः महादेव की भक्ति और आध्यात्मिक चेतना को समर्पित है। इस वर्ष महोत्सव का स्वरूप अत्यंत दिव्य होगा, जहाँः सामूहिक शिव आराधनाः पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में लाखों भक्त एक साथ महादेव का पूजन और अभिषेक करेंगे। विट्ठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य ने बागेश्वरधाम पर पहुंचकर पंडित धीरेंन्द्र कृष्ण शास्त्री से भेंट कर आगामी ऐतिहासिक रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर चर्चा की, वहीं पंडित श्री शास्त्री ने कहाकि आगामी 17 फरवरी को कुबेश्वरधाम पर होने वाले भव्य महोत्सव में वह शामिल रहेंगे। गौरतलब है कि विगत कई सालों से होने वाले ऐतिहासिक रुद्राक्ष महोत्सव में लाखों की संख्या में देश और विदेश के श्रद्धालु शामिल होते है। भव्य आयोजन को लेकर एक लाख 80 हजार स्कावयर फीट का भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। इसके अलावा 10 एकड़ में भोजन शाला का निर्माण किया जा रहा है।

**शिव महापुराण एवं सत्संगः** महोत्सव के दौरान शिव तत्व और सनातन धर्म की महिमा पर विशेष सत्संग सत्र आयोजित होंगे। लाखों रुद्राक्ष से मंदिर परिसर में भव्य शिवलिंग का निर्माण किया जाएगा। जिसका नियमित रूप से लाखों श्रद्धालुओं के मध्य अभिषेक किया जाएगा।

**विशाल धार्मिक समागमः** यह आयोजन देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए श्रद्धा और विश्वास का प्रमुख केंद्र बनेगा।

**दो महान विभूतियों का महामिलनः** विट्ठलेश सेवा समिति के जनसंपर्क प्रभारी मनोज दीक्षित ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि 17 फरवरी का दिन कुबेरेश्वर धाम के इतिहास में अविस्मरणीय होगा। इस दिन अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा महाराज और पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री एक ही मंच पर उपस्थित रहेंगे। देश के इन दो सबसे लोकप्रिय आध्यात्मिक व्यक्तित्वों का मिलन सनातन संस्कृति की एकजुटता और वैचारिक शक्ति का परिचायक होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि महोत्सव के दौरान रुद्राक्ष का वितरण नहीं किया जाएगा, बल्कि पूरा कार्यक्रम महादेव की आराधना और संतों के सानिध्य पर केंद्रित रहेगा।

श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए समिति द्वारा आवास, पेयजल और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं ताकि भक्तों को सुलभ दर्शन और सत्संग का लाभमिल सके। समिति समस्त धर्मप्रेमी जनता से इस गौरवशाली और भक्तिमय अवसर पर सादर पधारने की अपील की है।

### हेपेटाइटिस बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन जरूरी

**सीहोर।** हेपेटाइटिस लीवर से जुड़ी बीमारी जो वायरल इंफेक्शन के कारण होती है। इस बीमारी में लीवर में सूजन आ जाती है, हेपेटाइटिस में पांच प्रकार के वायरस होते है जिसमें हेपेटाइटिस ए.बी.सी.डी और ई इन पांचों वायरस को गंभीरता से लेना चाहिये। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि आसपास साफ सफाई और हाइजिन प्रोटोकाल का पालन करके इस बीमारी को कमतर किया जा सकता है। इसके साथ ही जन्म के बाद बच्चों को हेपेटाइटिस की वैक्सीन लगाया जाना चाहिए। क्योंकि इनके कारण हेपेटाइटिस महामारी जैसी बनती जा रही है और हर साल इसकी वजह से होने वाली मृत्यु के आंकड़े भी बढ़ते जा रहे हैं। हेपेटाइटिस का टाइप बी और सी लाखों लोगों में क्रोनिक बीमारी का कारण बन रहे हैं, क्योंकि इनके कारण लीवर में सिरोसिस और कैंसर होते हैं।

### पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन

# पांच स्कूल के स्काउट गाइड को राष्ट्रभक्ति सेवा और अनुशासन का पाठ पढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





क्षेत्र के दीवड़िया संस्कार पब्लिक स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का रविवार को समापन हो गया। इस दौरान ओपन सेशन आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने शिविर के अनुभवों और अपने विचारों को साझा किया। भारत स्काउट गाइड जिला संघ सीहोर के तत्वावधान में एवं जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में दीवड़िया के संस्कार पब्लिक स्कूल में पांच दिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में पांच स्कूल के स्काउट गाइड शामिल हुए। छात्र-छात्राओं को अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति का पाठ पढ़ाया गया।

**प्रशिक्षण के मुख्य चरण :** शिविर के प्रथम दिवस का शुभारंभ पंजीकरण और परिचय सत्र के साथ हुआ। द्वितीय दिवस में मुख्य प्रशिक्षक सुधीर विश्वकर्मा जी द्वारा स्काउट गाइड के 'प्रवेश' और 'द्वितीय सोपान' के पाठ्यक्रम का गहन प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के तृतीय दिवस की गतिविधियाँ स्कूल के संचालक राजेंद्र सिंह के सक्रिय सहयोग और मार्गदर्शन से हाइक का सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। कौशल विकास और परीक्षण शिविर के चौथे दिन प्रतिभागियों की व्यावहारिक कुशलता को परखा गया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ विषयों पर टेस्ट लिया गया। ध्वज शिष्टाचार और राष्ट्रीय गान। गाँठें लगाना और प्राथमिक चिकित्सा। स्काउट गाइड के नियम एवं प्रतिज्ञा। विभिन्न सेवा कार्य एवं साहसिक गतिविधियां।

**समापन एवं सर्व धर्म प्रार्थना :** शिविर के अंतिम दिवस पर एक 'ओपन सेशन' आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने शिविर के अनुभवों और अपने विचारों को साझा किया। प्रशिक्षकों द्वारा छात्रों को अपने-अपने विद्यालयों में जाकर स्काउटिंग की गतिविधियों को निरंतर जारी रखने के लिए प्रेरित किया गया। संस्था प्रभारी राजेंद्र राजपूत द्वारा विद्यालय के समस्त भौतिक एवं आवास व्यवस्था कुशलतापूर्वक की जा रही है शिविर में मुख्य रूप से पुष्प हायर सेकेंडरी स्कूल आष्टा, पब्लिक स्कूल अमलाह, सीएम राइस कोटरी, सांदीपनि विद्यालय इछावर के एवं मेजबान विद्यालय संस्कार पब्लिक स्कूल के स्काउट गाइड प्रतिभागिता की गई। कार्यक्रम के अंत में 'सर्व धर्म प्रार्थना' आयोजित की गई, जिसके माध्यम से सांप्रदायिक सौहार्द और एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और प्रतिभागी उपस्थित रहे। शिविर में राजेश मेवाड़ा ,रमेश चंद्र मेवाड़ा,राजेश सेन, पूजा सेन, रोवर देवा, अंश प्रशिक्षक के रूप में मौजूद थे।

# हर समस्या हर चुनौतियों में आपके साथ खड़ा हूं : चंद्रपाल पटेल




**रेहटी।** नगर कांग्रेस के नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल पटेल गुड्डू भैया द्वारा नव नियुक्त बुधनी विधानसभा में ब्लॉक अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं का नववर्ष मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कई सालों बाद कांग्रेसी एक मंच पर बड़ी संख्या में इकट्ठे हुए दिखाई दिए। कई कांग्रेस बहुत दिनों बाद भी कांग्रेस कार्यक्रमों में शामिल होते नजर आए। इसमें भारी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता भी उपस्थित हुए।

इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल, इछावर के पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, मलखान सिंह, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष प्रेम नारायण गुप्ता, हुकम चंद गुप्ता, विजय वर्मा, कंचन शर्मा, रमा पटेल, रेखा महेश्वरी, जीत सिंह नागर, उमाशंकर नागर, अमित अर्जुन पटेल , युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता दीपक चौहान, मेहताब सिंह चौहान, विपत सिंह उईके, समीम बेग, नूरमियाँ आदि कार्यकर्ता एवं आसपास के ग्रामों से आए हुए कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ताओं ने अपने संबोधन ने कहा कि कांग्रेस को बूथ स्तर पर पहुंचकर संगठन को मजबूत बनाना है।

इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल एवं शैलेंद्र पटेल ने कहा कि आज देश में हमारा किसान परेशान है। समर्थन मूल्य पर एमएसपी के मूल्य पर अनाज नहीं खरीदा जा रहा है। धान की खरीदी में किसानों को 8-8 दिन रात गुजार कर अपनी धान की फसल तुलवाना पड़ रहा है। वहीं पर रेलवे एवं सड़कों में ली गई भूमि का भी मुआवजा उचित नहीं दिया जा रहा है।

भारी संख्या में किसान आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उसकी बातों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। एस आईं आर द्वारा बुधनी विधानसभा से 12000 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं आज तक भाजपा फर्जी मतदाताओं के द्वारा चुनाव जीती चली आ रही है। अब हमें बूथ स्तर तक पहुंच कर इस मतदाता सूची को भी देखना होगा और स्थानीय चुनाव में हमें जनपद जिला पंचायत पंचायत स्तर पर हमारे प्रतिनिधि चुनाव में खड़ा कर जीतना होगा यह हमारे नवनियुक्त पदाधिकारी के सहयोग से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा भोजपुर एवं तरावली से किसान संघर्ष यात्रा को हरी झंडी दिखाकर यात्रा प्रारंभ की जाएगी।

### राजगढ़, खिलचीपुर क्षेत्र में पूरे दिन छाई रही धुंध, भीषण ठंड से जनजीवन हुआ प्रभावित

# वसुंधरा ने ओढ़ी कोहरे की चादर, 24 घंटे में 3 डिग्री नीचे लुढ़का तापमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के न्यूनतम तापमान ने रविवार से अचानक करवट बदली और पूरे दिन सर्द हवाओं के साथ पूरे क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा। मुख्यालय पर रविवार तड़के यह हालात थे कि दृश्यता महज 50 मीटर के आसपास थी और हाईवे पर वाहन चालक हेडलाईन जलाकर गंतव्य तक पहुंचते नजर आए। रविवार को पूरे दिन ही लगभग क्षेत्र कोहरे और धुंध से लिपटा रहा। शनिवार को जिले का न्यूनतम तापमान जो 8.2 डिग्री रिकार्ड किया गया था वह 24 घंटे में और ज्यादा लुढ़कते हुए 5.0 डिग्री तक पहुंच गया। सर्द हवाओं और भीषण सर्दी का आलम यह था कि विभिन्न चैक-चैराहों पर लोग दिन में भी अलाव जलाकर अपने आप को सर्दी से बचाते नजर आए। रविवार तड़के क्षेत्र के खेतों की फसलों पर ओस की बूंदों के साथ ही बर्फ की हल्की परत भी जमीं हुई देखी गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में हालात और ज्यादा नाजुक होने की संभावना है वहीं मावठे की बारिश से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

**दिन में भी अलाव का सहारा लेकर अपने को गर्म रखते नजर आए लोग**



#### इस मौसम में इन बातों का विशेष रूप से रखे ध्यान

ठंड और भीषण शीतलहर के बीच अनावश्यक यात्रा न करें और जितना संभव हो घर के अंदर ही रहें। ठंड में पर्याप्त ऊनी कपड़े पहन एवं सिर, गर्दन, पैरों, कानों को पूरी तरह ढककर रखें। बाहर जाते समय मफलर, ग्लब्स सहित अन्य कपड़े अवश्य रूप से पहले। इसके साथ ही विटामिन-सी से युक्त फल, सब्जियों को भी चिकित्सकों ने इस मौसम के लिए बेहतर बताया है। नाक बहने, नाक बंद होने, बुखार, नाक से खून आने जैसे लक्षण कों नजरअंदाज न करते हुए तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

#### मोहनपुरा से भी सर्द हवाओं का जुड़ाव

क्षेत्र में बीते कुछ वर्षो से तापमान में लगातार दर्ज की जा रही गिरावट को जिले में निर्मित मोहनपुरा, कुंडालिया, बांकपुरा सहित अन्य सिंचाई परियोजनाओं को भी माना जा रहा है। इन परियोजनाओं से जहां जिले के वाटरलेवल में वृद्धि हुई है वहीं हवाएं भी बड़े-बड़े बांधों के सीधे संपर्क में आकर सर्दी और शीतलहर को बढ़ा रही हैं।

#### आम नागरिकों ने बच्चों की छुट्टियों की रखी मांग

जिले के तापमान में अचानक आई कमी, भयंकर शीतलहर एवं कोहरे को देखते हुए छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर न पड़े, इसको देखते हुए तापमान सामान्य होने तक छोटे बच्चों के स्कूलों की छुट्टियां करने की मां आमजनों द्वारा की जा रही है।

#### बीते एक हफ्ते में जिले का न्यूनतम तापमान

(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| 04 जनवरी | 8.5 |
| 03 जनवरी | 8.2 |
| 02 जनवरी | 9.0 |
| 01 जनवरी | 7.6 |
| 31 दिसंबर | 6.5 |
| 30 दिसंबर | 4.6 |

### भाई के सर को बुरी तरह नोचते देख बहन ने दिया साहस का परिचय

# 5 साल के भाई को बचाने 8 वर्षीय मासूम लीजा आवारा कुत्ते से भिड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

नगर में रविवार सुबह एक आवारा कुत्ते के हमले में दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। 5 वर्षीय क्रिश और 8 वर्षीय लीजा को प्राथमिक उपचार के बाद राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। यह घटना खिलचीपुर के सोमवारिया क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 3 में हुई। स्थानीय मजदूर सुरेश राव के बच्चे क्रिश और लीजा रविवार सुबह अपनी बुआ के घर के बाहर खेल रहे थे। तभी एक आवारा कुत्ते ने 5 वर्षीय क्रिश पर हमला कर दिया और उसके सिर को बुरी तरह नोच लिया, जिससे खून बहने लगा।



#### कुत्ते से भिड़ गई बहन

अपने भाई को बचाने के लिए 8 वर्षीय लीजा कुत्ते से भिड़ गई। वह करीब तीन मिनट तक कुत्ते से लड़ती रही। इस दौरान कुत्ते ने लीजा पर भी हमला किया। कुछ देर बाद लोग मौके पर पहुंचे और कुत्ता वहां से भाग गया।क्रिश के सिर से लगातार खून बहता देख लीजा ने तुरंत अपनी टी-शर्ट उतारकर उसके सिर पर लपेट दी, ताकि रक्तस्राव को रोका जा सके। लीजा की इस सूझबूझ और हिम्मत की लोगों ने सराहना की।

#### दोनों बच्चे जिला अस्पताल रेफर

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग और बच्चों की मां पूनम राव मौके पर पहुंचीं। उन्होंने घायल बच्चों को संभाला और मजदूरी पर गए पति सुरेश राव को बुलाया। इसके बाद दोनों बच्चों को तत्काल खिलचीपुर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया।डॉक्टरों ने बताया कि क्रिश के सिर में गंभीर घाव हैं, जबकि लीजा के हाथ, चेहरे और सिर पर चोटें आई हैं। फिलहाल दोनों बच्चों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

# दो नेत्रहीनों की जिंदगी में रोशनी दे गई दुर्गा

**ब्यावरा।** खिलचीपुर से पहला नेत्रदान मरणोपरांत दुर्गा बाई पत्नी स्व रामगोपाल का नेत्रदान करवाने का निर्णय उनके सुपुत्रों श्यामसुंदर , गिरिराज एवं ओम ने खुशबू गुप्ता बाढ़गांव के निवेदन पर परोपकार की भावना अपनी सहमति प्रदान की। खुशबू ने नवज्योती नेत्रदान समिति, जीरापुर की अध्यक्षा पूजा गुप्ता के माध्यम से इंदौर स्थित शंकरा नेत्रालय की विशेषज्ञ टीम अनिल जी गोरे द्वारा खिलचीपुर में पुण्यात्मा के निवास पर परिवार की उपस्थिति में नेत्रदान की पावन प्रक्रिया विधिवत सम्पन्न करवाई।

नेत्रदान को सम्पन्न करवाने में समाजसेवी प्रशांत मूंदड़ा ब्यावरा का सहयोग स्थानीय रहा। नेत्रदान उपरांत पूजा गुप्ता ने स्वर्गस्त आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्व दुर्गा बाई ने मरणोपरांत भी दो नेत्रहीनों की आंखों को रोशनी से सदा के लिए रोशन कर समाज को नेत्रहीनता निवारण हेतु प्रेरणा प्रदान की है। पूजा ने आगे कहा कि नेत्रदान से चेहरे पर किसी भी प्रकार की विकृति नहीं आती, नेत्रदान में पूरी आंख नहीं वरन केवल कॉर्निया लिया जाता है अतः निश्चिंत होकर नेत्रदान का संकल्प ले तथा आमजन से नेत्रदान की अपील की।



### स्टेडियम परिसर में आयोजित हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता

# रेस में अव्वल आने सौंधिया समाज के बच्चों ने दिखाया दम

**राजगढ़।** अभा सौंधिया राजपूत महासभा के तत्वावधान में रविवार को मुख्यालय स्थित स्टेडियम प्रांगण में जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से चयनित 3-3 बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक दौड़ में सहभागिता की। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों ने खेल भावना, अनुशासन का प्रदर्शन का भी परिचय दिया। महासभा के पदाधिकारियों ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजन निरंतर किए जाएंगे। कार्यक्रम के समापन समाजजनों ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए भविष्य में और बड़े स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित करने की अपेक्षा जताई।

#### ये बच्चे रहे विजेता

दौड़ प्रतियोगिता में सविता सिसोदिया ब्लॉक खिलचीपुर, मनीषा पंवार ब्लॉक खिलचीपुर एवं निशा पंवार फूलखेड़ी राजगढ़ ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बालक वर्ग में खिलचीपुर ब्लॉक के रोहित, पोलाखेड़ा के बलराम एवं ब्यावरा ब्लॉक के योगेश ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार जीते। इसमें सचिव राम नारायण सोलंकी, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमराज कल्पोनी, ईश्वरसिंह तोमर, के.पी पंवार, राजेंद्र सिंह कीलखेड़ा, चंदर सिंह तोमर, सुल्तान सिंह मोतीपुरा, शिव सिंह, शिवराज सिंह नारायणघटा, नरवर सिंह सिसोदिया, इंदर सिंह नाईपुरिया, विक्रम सिंह कीलखेड़ा आदि उपस्थित रहे।

### शीत लहर चलने से जनजीवन प्रभावित



**छापीहेड़ा।** वर्ष 2025 के समापन होते ही मौसम ने अपना मिजाज शीतलहर के साथ बदल दिया है यानी साल के चौथे दिन कड़ाके की ठंड ने भयावक दस्तक दे दी है जिसका इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था शीत लहर का प्रकोप घर से बाहर निकलते ही देखने को मिल जाता है। शीत लहर से जनजीवन पूरी तरह से सर्दी की चपेट में आ गया है दुकानों के बाहर सड़कों के किनारे लोग अब अलाऊ जलाकर गर्मी ले रहे हैं हर एक इंसान अब भारी गर्म कपड़ों स्वेटर जैकेट और टोपियों में लिपटे नजर आ रहे हैं मेंन मार्केट में कन्हा फोटो स्टूडियो बाला शूज स्टोर्स मोदी पान कॉर्नर इन दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानों के बाहर जलाऊ जलाकर रोजमर्रा के कार्यों को गति दे रहे हैं वही नप द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर लकड़ी के अलाव जलाए हैं।

### राजगढ़ नगर की दो बस्तियों की यात्रा उपरांत राजमहल में हुआ कार्यक्रम

# हिंदू सम्मेलनः हाथों में धर्मध्वजा लेकर सड़कों पर निकले सैकड़ों सनातनी



**राजगढ़।** संपूर्ण राजगढ़ जिले की विभिन्न बस्तियों, मंडलों में इन दिनों हिन्दू सम्मेलनों का भव्यतम आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को नगर की महावीर एवं शीतला माता बस्तियों का सम्मेलन स्थानीय राजमहल परिसर में संपन्न हुआ। राजमहल में सैकड़ों सनातनियों की मौजूदगी में उपस्थित संत समाज एवं मुख्य वक्ताओं ने पंच परिवर्तन, हिन्दू धर्म के विस्तार, सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक शक्ति को सुदृढ़ करने, कुटुंभ प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण सहित समाज हित से जुड़े अन्य विषयों पर अपनी बात रखी।

इसके पूर्व स्थानीय पारायण चैक से ध्वज व कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में मातृ-शक्तियों, पुरुष व नगर के प्रबुद्धजन शामिल हुए। हाथों में ध्वज, भारत माता के जयकारों के साथ पारायण चैक से आरंभ हुई यात्रा झांसी की रानी चैक, मेन मार्केट, तुल्ली चैक होते हुए राजमहल परिसर पहुंची। इस बीच स्थान-स्थान पर ध्वज यात्रा में शामिल लोगों का विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, स्वयंसेवी व अन्य संघटनों द्वारा पुष्पवर्षा इत्यादि से जोरदार, स्वागत अभिनंदन किया।

#### कथावाचक के उद्गारों ने भरा जोश

राजमहल परिसर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन की इस सभा में कथा वाचक पंडित रोहित नागरजी के आर्शिवचनों का लाभ उपस्थितजनों को मिला। उन्होंने परिवार, समाज, देश को जोड़ने के संबंध में अनेकों दृष्टांत और बातें नगर के प्रबुद्धजनों के बीच सांझा की। कार्यक्रम के आयोजक हिन्दू समाज के ऊर्जावान युवा बीते कई दिनों से इस हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों में जुटे थे।

### दूषित पानी से मौतों पर किया पुतला दहन का प्रयास

# घंटा वाले बयान के विरोध कांग्रेसियों ने बजाया घंटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

दूषित पानी से इंदौर शहर में हुई 16 लोगों की मौत के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा मिडिया के समक्ष दिये घंटा वाली गैर जिम्मेदार बात को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा रविवार को नगर में कांग्रेस पार्टी ने हाथों में घंटा लेकर बजाते हुये प्रदर्शन करते हुये नारे बाजी की ।

ज्ञात हो कि विगत दिनों मध्यप्रदेश शासन के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा इंदौर के भागीरथपुरा के निवासियों का नगर निगम द्वारा सप्लाई किया जा रहा था दूषित पानी को पीने से बेकसूर 16 लोगों की मौत हो गई जिस पर उन मृत लोगों और परिवार के प्रति सहानुभूति की जगहों, मिडिया के लोगों के हित में पूछे प्रश्नों का उत्तर देने की बजाए भड़कते हुए कहा ष्क्या घंटा हो गयाष जैसे गैर जिम्मेदाराना वक्तव्य देकर जनता के प्रति अपनी जवाबदेही से मुंह मोड़ा जबकि इंदौर में भाजपा की नगर निगम, प्रदेश में सरकार, नौ विधायक भाजपा के सांसद वा स्वयं विजयवर्गीय इंदौर के बाद जवाबदेही से पल्ला झाड़ने का जो प्रयास किया उसका प्रदेश भर में कांग्रेस पार्टी विरोध कर रही।

इसी तारतम्य में नगर में कांग्रेसियों द्वारा पोलखेड़ा चैराहे पर एकत्रित होकर हाथों में घंटा लेकर बजाते हुए प्रदर्शन किया और पोलखेड़ा चैराहे से जुलूस लेकर बस स्टैंड चैराहे पहुंचे जहां पूर्व से मंत्री केशल विजयवर्गीय का पुतला जो छुपा रखा था उसे जलाने का प्रयास किया लेकिन उपस्थित पुलिस द्वारा पूर्व से खड़ी फायर गाड़ी के माध्यम से बुझा दिया।


# ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत, ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप

**सारंगपुर।** शहर से लगभग 15 किलोमीटर दूर पचोर रोड पर स्थित ग्राम छापरा के पास रविवार तड़के एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां पुणे-ग्वालियर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला और उसके पांच वर्षीय मासूम बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान लक्ष्मीबाई पति राजेश (35) एवं उसके पुत्र क्रिश (5) निवासी ग्राम छापरा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविवार तड़के लक्ष्मीबाई अपने बेटे को साथ लेकर घर से निकली थी। इसी दौरान पचोर रोड रेलवे ट्रैक पर दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर सारंगपुर



पुलिस मौके पर पहुंची और नगर पालिका के शव वाहन की मदद से दोनों शवों को सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया, जहां रविवार को पोस्टमार्टम किया गया। अस्पताल में मृतका के मायके पक्ष के लोग पहुंचे और ससुराल पक्ष पर मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए। परिजनों का कहना है कि लक्ष्मीबाई को लंबे समय से प्रताड़ति किया जा रहा था, जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठाया। इस दौरान अस्पताल परिसर में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति भी बनी रही, जिसे पुलिस ने समझाइश देकर शांत कराया। इस दर्दनाक घटना से छापरा गांव में शोक का माहौल है।

# जेपीएल सीजन-2 का शुभारंभ



**जीरापुर।** स्थानीय स्टेडियम परिसर में जीरापुर प्रीमियर लीग जे.पी.एल. सीजनदृ2 का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम में अतिथि क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी, विशेष अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचरण किरार, हनुमान पाटीदार, श्रीराम दांगी, महामंत्री रमेश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधी शिव मंडलोई, सरपंच झड़माऊ दिनेश राठौर, सुजान गुर्जर, सोनू शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का विधिवत शुभारम्भ किया। जहां विधायक हजारीलाल दांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि आपसी भाईचारे, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी मजबूत करते हैं।जे.पी.एल. जैसे टूर्नामेंट ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। शुभारम्भ अवसर पर अश्विन पंडित, शकील खान, अकील खान, समीर, शाहरुख, भगवान मालवीय, शानू, निलेश, गोलू सक्सेना, आकाश तोमर, अली, अपूर्व सक्सेना सहित अनेकों खिलाड़ी, नागरिक उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में कुल 7 टीमें भाग ले रही हैं, जिनका फरहान बिलाल , ऑनर फैजल खान, सोनू खान, लक्ष्मण सिंह बना, कृष्णा पाटीदार बाबू मालवीय। आयोजकों ने बताया कि यह टूर्नामेंट आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किया जा रहा है।

### दांगी समाज का 29वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 अप्रैल को

# अतरालियां की पावन धरा से उठेगी सामाजिक क्रांति की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

समाज को जोड़ने और कुरीतियों के अंधकार को मिटाने के लिए सामूहिक प्रयासों से बड़ा कोई शस्त्र नहीं है। इसी उद्देश्य के साथ दांगी समाज ने एक बार फिर अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए 20 अप्रैल 2026 को अतरालियां में 29वें सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन का शंखनाद कर दिया है। रविवार को समाज के छात्रावास में आयोजित एक वृहद बैठक में इस महाकुंभ की आधारशिला रखी गई।

यह आयोजन केवल विवाह का गठबंधन मात्र नहीं है, बल्कि यह बदलती सामाजिक चेतना का प्रतीक है। नेतृत्व और संकल्परू जब अनुभवी और युवा मिले एक साथ छात्रावास में हुई बैठक में समाज के शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति ने आयोजन की गंभीरता को दर्शाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम दांगी की गरिमामयी उपस्थिति में समाज के उत्थान पर चर्चा हुई। उन्होंने जोर देकर कहा कि सामूहिक विवाह आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता है, ताकि समाज का पैसा शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में खर्च हो सके। बैठक में जिला अध्यक्ष रामबगस दांगी और ब्लॉक अध्यक्ष प्रभुलाल दांगी ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं, युवा नेतृत्व का प्रतिनिधित्व कर रहे शिव दांगी बारवा (युवा जिला अध्यक्ष) ने सम्मेलन को डिजिटल और आधुनिक प्रबंधन से जोड़ने का संकल्प लिया।



#### अतरालियां गांव में जुटेगा पूरा दांगी समाज

आयोजन स्थल के रूप में अतरालियां गांव का चयन रणनीतिक और आध्यात्मिक दोनों है। यह स्थान आसपास के दर्जनों गांवों के लिए सुलभ है। सचिव रामप्रसाद दांगी और शिव दांगी ने बताया कि 20 अप्रैल का दिन क्षेत्र के लिए एक उत्सव जैसा होगा। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों की सशक्त भागीदारी भी देखने को मिली। हरिप्रसाद दांगी (सरपंच, सोनकच्छ) और लक्ष्मीनारायण दांगी (सरपंच, कालियादे) ने विश्वास दिलाया कि जमीनी स्तर पर हर परिवार तक इस सम्मेलन का संदेश पहुँचाया जाएगा। जगदीश चैधरी, सुरेश दांगी (करणपुरा) और रमेश पटेल (खजूरिया) ने भी आयोजन की सफलता के लिए अपने सुझावों का पिटारा खोला।

#### 29वें सम्मेलन के सामाजिक मायने

आर्थिक सुदृढ़ता- सामूहिक विवाह के माध्यम से मध्यमवर्गीय परिवारों को भारी-भरकम कर्ज से मुक्ति दिलाने का प्रयास। सामाजिक समरसता- अतरालियां में होने वाला यह जमावड़ा विभिन्न उप-वर्गों और परिवारों के बीच आपसी मेलजोल बढ़ाएगा। दहेज प्रथा पर प्रहार- सम्मेलन के माध्यम से दहेज रहित सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना, जो नई पीढ़ी के लिए एक आदर्श है। छात्रावास की भूमिका- समाज के छात्रावास में हुई यह बैठक इस बात का प्रमाण है कि समाज अपनी संपत्तियों का उपयोग रचनात्मक कार्यों के लिए कर रहा है।

#### युद्धस्तर पर शुरू हुईं तैयारियां

बैठक के बाद ही अतरालियां में तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। विभिन्न टोलियां बनाई गई हैं जो पंजीयन, टेंट, भोजन और मेहमानों के सत्कार का प्रबंधन करेंगी। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस बार सुविधाओं का स्तर और भी बेहतर किया जाएगा ताकि दूर-दराज से आने वाले मेहमानों को कोई असुविधा न हो।

**एकजुटता का संदेश-** बैठक के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे इस 29वें सामूहिक विवाह सम्मेलन को इतिहास का सबसे सफल आयोजन बनाएंगे। अतरालियां अब केवल एक गांव नहीं, बल्कि दांगी समाज की समरसता और शक्ति का नया केंद्र बनने जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सीताराम भारती प्रदेश महामंत्री नियुक्त




**सीहोर।** देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर भोपाल में कार्यक्रम आयोजित हुआ। सर्व प्रथम सावित्रीबाई फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी के पदभार एवं नियुक्ति आदेश वितरण किये गये। जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम के आदेशानुसार, मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति से सीताराम भारती को म.प्र. कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग का प्रदेश महामंत्री नियुक्त कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही अपेक्षा व्यक्त की गई है कि आप पार्टी की रीति-नीति और अभा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी की भावनानुसार पार्टी की मजबूती के लिए सतत और सक्रियता के साथ कार्य करेंगे। साथ ही पार्टी द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, धरना-प्रदर्शन, आंदोलनों एवं अन्य गतिविधियों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर पार्टी की मजबूती हेतु अपना सहयोग प्रदान करेंगे। इस मौके पर कमल सिंह अहिरवार, महमूद अली, घनश्याम जांगड़ा, जिला अध्यक्ष संतोष आदि पीसीसी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सीताराम भारती को उक्त दायित्व सौपें जाने पर सभी कांग्रेसजनों ने बधाई दी।

### भागवत कथा के चौथे दिन मनाया कृष्ण कन्हैया लाल का जन्मोत्सव

# कथा पंडाल में गूंजे आलकी की पालकी जय कन्हैया लाल की के जयघोष

ढोल-नगाड़ों की गूंज, पुष्प वर्षा और उल्लास के बीच भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पंडाल में पहुंचे। पूरा वातावरण "आलकी की पालकी जय कन्हैया लाल की जय" के जयकारों से गूंज उठा। चतुर्थ दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कान्हा के जन्म दिवस के अवसर पर पंडाल को फल, फूल, हरियाली एवं आकर्षक सजावट से मनमोहक रूप दिया गया। विशेष रूप से महिला शक्ति द्वारा भव्य तैयारियां की गईं। ढोल-नगाड़ों की गूंज, पुष्प वर्षा और उल्लास के बीच भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। पूरे आष्टा नगर में हर्ष और आनंद का वातावरण रहा तथा श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर कान्हा के दर्शन किए।

कथा अत्यंत करुणामय एवं भावविभोर करने वाली रही। कथा का मुख्य विषय मां के प्रेम और महिमा पर केंद्रित रहा। गुरुदेव ने कहा कि यदि संसार में मां न होती तो न रघुनाथ होते और न ही कान्हा। पृथ्वी पर जितने भी जीव हैं, सबकी जननी मां है। मां की महिमा, उसका प्रेम और उपकार अनंत है। जिनके पास माता-पिता का प्रेम होता है, वे वास्तव में सबसे बड़े धनवान होते हैं। माता-पिता को चाहिए कि वे अपनी संतान को परोपकार, करुणा और दुखियों के आंसू पोंछने के संस्कार दें। गुरुदेव ने बताया कि पांच प्रकार की मिट्टी को बैकुंठ से भी अधिक पवित्र माना गया है—जननी माता के चरणों की मिट्टी, गौ माता के चरणों की मिट्टी, मकान से श्मशान जाने वाले मार्ग की मिट्टी, मकान से मंदिर जाने वाले मार्ग की मिट्टी। इस मिट्टी को घर के मंदिर के एक कोने में रखना चाहिए। उन्होंने जीवन को यात्रारूपी बताते हुए कहा कि हम सभी इस संसार में मुसाफिर हैं। जीवन रूपी ट्रेन में हर किसी की अपनी-अपनी स्टेशन है, जहां उतरना निश्चित है। इसलिए प्रेम, सद्भाव और अच्छे व्यवहार के साथ जीवन जीना चाहिए, क्योंकि किसी को नहीं पता कि उसकी अंतिम स्टेशन कब आ जाए।

गुरुदेव ने कहा कि धन की जागीर से बड़ा धन माता-पिता द्वारा दी गई दया, ईमानदारी, चरित्र, धर्म और परोपकार की संपत्ति होती है। चरित्रवान व्यक्ति सदैव इत्र की तरह समाज में सुगंध फैलाता है। बच्चों को ऐसी शिक्षा दें कि वे देश, धर्म और मानवता के लिए समर्पित बनें। उन्होंने शहीद भगत सिंह का उदाहरण देते हुए मातृभूमि के प्रति बलिदान की भावना पर प्रकाश डाला। साथ ही गुरुदेव ने कहा कि सनातन परंपरा के अनुसार बच्चों के नाम भगवान के नाम पर रखने चाहिए, ताकि नाम लेते ही ईश्वर का स्मरण हो। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष हेमकुंवर राय सिंह मेवाड़ा, समिति अध्यक्ष रूपेश राठौर, संयोजक डॉ. मनोज नागर, पार्षद तेज सिंह राठौड़, जीवन सिंह मंडलोई, जगदीश चौहान, पूर्व विधायक रघुनाथ मालवीय, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह इंजीनियर, बंटी मेवाड़ा, राजा मेवाड़ा, जुगल पटेल, चेतन सिंह ठाकुर, चेतन वर्मा, संजीव सोनी पंचम, धीरप पटेल, नानूराम मेवाड़ा, चंदर ठेकेदार, तारा कटारिया, जितेंद्र सितोलिया, भूरू मुकाती, सोभाल सिंह ठाकुर, राधेश्याम दाऊ, मयूर नागर, रघुवीर चौहान, आंचल



नागर, मृगेंद्र शर्मा, मनीषा नागर, शैलबाला शर्मा, प्रवीण धड़ीवाल, शिव पाटीदार, राजेंद्र जैन, जुगल मालवी, मनोहर भोजवानी, दशरथ सिंह राजपूत, बंटी जायसवाल, मनोहर लाल श्रीवास्तव, संध्या बजाज, भगवती सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# संगठन की ताकत से ही साकार होगा विकसित भारत का संकल्पः विधायक

### विधायक ने एसआईआर कार्य की समीक्षा की



**आष्टा।** समीक्षा कर विधायक ने आगामी कार्यो की जानकारी दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संगठन की ताकत ओर हम सब के सामूहिक प्रयासों से ही देश के प्रधानमंत्री जी ने जो 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है वो पूरा होगा । बूथ स्तर पर करने हेतु संगठन ने जो करणीय कार्य सौपे है,उन सभी कार्य को पूरी गम्भीरता से हमे करना है। आयोजित मंडलो की कामकाजी बैठकों को संबोधित कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने एसआईआर के कार्यो की भी समीक्षा कर आगामी कार्यो की जानकारी दी।

आष्टा विधानसभा क्षेत्र के डोडी, कोठरी, आष्टा नगर, ग्रामीण मंडल की कामकाजी बैठकों को संबोधित करते हुए कहे। मंडलो की कामकाजी बैठकों में संगठनात्मक विषयों और आगामी करणीय कार्य एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका सशक्त संगठन ओर उसका कार्यकर्ता है। संगठन की मजबूती से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की आगामी कार्ययोजना जनसंपर्क, संगठन विस्तार तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने पर केंद्रित है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठकों में उपस्तिथ सभी बीएलए टू से एसआईआर के कार्य की जानकारी ली एवं आगामी कार्यो एवं पार्टी के निर्देशों से अवगत कराया गया। विधायक इंजीनियर ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों और कार्ययोजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल और विधानसभा स्तर पर सक्रिय रहकर कार्य करना है।

संगठनात्मक प्रवास, नियमित बैठकें और जनसंवाद के माध्यम से भाजपा की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जनकल्याण और सुशासन के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आगामी कार्ययोजना के अंतर्गत इन उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता विशेष अभियान चलाकर कार्य में जुट जाएं।

आयोजित हुई समिक्षा बैठकों में धारासिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह ठाकुर, देवजी पटेल, अंजनी विशाल चौरसिया, पिंटू हरिओम परमार,धनरुपमल जैन बीएलए वन, राधेश्याम दलपति, सतीश सोनानिया सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, बूथ अध्यक्ष, बीएलए टू एवं सभी अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गणेश बस्ती में हिंदू सम्मेलन व समरस भोज संपन्न



**आष्टा।** आस्था की नगरी आष्टा के हृदय स्थल बड़ा बाजार पीपल चोक पर गणेश बस्ती का हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न हुआ। जिसमे मुख्यातिथि मालवा माटी के लाल संत श्री गोविंद जाने ने अपने विचार व्यक्त किये उन्होंने कहा कि सभी हिन्दू अपने ही सहोदर भाई है कोई भी पतित ओर अछूत हो ही नही सकता ,सभी को एक साथ एक ही पंक्ति में बैठने ओर भोजन करने का अधिकार है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजगढ़ विभाग के कार्यवाह श्री धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि हिन्दू समाज सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और धार्मिक परम्पराओं को सुदृढ़ बनाने का एवं हिन्दू समाज की शक्ति के प्रकटीकरण करने के उद्देश्य को लेकर हर मण्डल ओर बस्ती में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम के अंत मे भारत माता की आरती ओर भोजन भण्डारा सम्पन्न हुआ जिसमें हजारों लोगों ने एक साथ भोजन किया।

### सराफा व्यापारियों की बैठक संपन्न



**आष्टा।** आष्टा के अनुविभागीय अधिकारी आकाश अमलकार और नगर निरीक्षक गिरीश दुबे द्वारा व्यापारियों की सुरक्षा के लिए एक जागरूकता बैठक आयोजित की। जिसके अंतर्गत उन्होंने बताया कि देश और मध्य प्रदेश में आए दिन हो रहे चोरी डकैती की घटनाओं को लेकर प्रशासन गंभीर है। मीटिंग में अनुविभागीय अधिकारी आकाश अमलकर ने कहा कि सराफा सभी व्यापारियों को अपनी दुकानों में कैमरे लगवाने और साथ ही मुख्य मार्ग पर भी कैमरा लगाने के लिए निर्देश दिए ओर कहा कि रात्रि में भी हमे अलर्ट रहने की आवश्यकता है। नगर निरीक्षक ने कहा कि आप की दुकान पर कोई भी संदिग्ध व्यक्ति आता है तो उसकी तुरंत पुलिस को जानकारी दी जाए। जिससे कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके। अंत में सर्राफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गणेश सोनी, सचिव धर्मेंद्र सोनी, कोषाध्यक्ष नरेंद्र सोनी व समस्त व्यापारियों ने मिलकर पुलिस के इस जागरूकता बैठक के लिए स्वागत एवं आभार प्रकट किया।

# प्रदेश संगठन मंत्री के निवास पर पहुंचे प्रदेश, राष्ट्रीय सचिव और शहर अध्यक्ष का किया स्वागत सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर के साईं कॉलोनी में स्थित अखिल भारतीय जाट महासभा प्रदेश संगठन मंत्री एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी धनंजय जाट के निवास पर अखिल भारतीय जाट महासभा प्रदेश अध्यक्ष विलास पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह पचोर, महिला प्रदेश अध्यक्ष अजुध्या गोदारा एवं ऑल इंडिया चेयरमेन आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस नई दिल्ली एवं इंदौर शहर अध्यक्ष सी एल मुकाती पहुंचे। जहां सभी का धनंजय जाट परिवार द्वारा भांजी साक्षी जाट ने तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके पश्चात उपस्थित समाज जनों ने सामाजिक चर्चा करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री धनंजय जाट की प्रशंसा करते हुए कहा कि धनंजय बहुत ही मेहनती है, इसी के साथ धनंजय जाट ने सभी का धर्म पटिका डालकर स्वागत किया। इसी के साथ अतिथियों का साफा बांधकर नवीन जिम्मेदारी सपने पर हृदय से आभार व्यक्त करते हुए, सभी का धन्यवाद ज्ञात किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश महिला इकाई ज्योति जाट, सीमा जाट, भोपाल जिला अध्यक्ष योगिता सिंह, संदीप चौधरी पचोर, बंटी बाबू जाट इंदौर, रामावतार जाट पिचकिया अमरपुरा, अंबाराम जाट आदि अन्य समाजजन उपस्थित रहे। इस दौरान धनंजय जाट ने कहा की यहां तो मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि संगठन के साथ-साथ पढ़ाई लिखाई में भी मध्य वार्गी लोगों की मदद करने एवं इंदौर शहर में इलाज कराने आने वाले समाज के लोगों का अस्पतालों में पहुंचकर हाल-चाल जानने एवं उनकी हर संभव मदद करने वाले प्रदेश के सक्रिय ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष विलास पटेल और हर सामाजिक कार्य में अपने उपस्थिति देकर समाज की बहन बेटियों एवं बहू को प्रेरित करने वाली महिला प्रदेश अध्यक्ष अयोध्या गोदारा और आपके माध्यम से अखिल भारतीय जाट महासभा से जुड़कर समाज हित में कार्य करने का अवसर मिला। मैं आगे भी भाई साहब विलास पटेल जी एवं आपके मार्गदर्शन से अखिल भारतीय जाट महासभा से जुड़ा रहकर समाज हित के कार्य करता रहूं, यही मेरे लिए बड़ी खुशीकी बात है।

# भाजपा कार्यालय पर विपक्ष ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी




सोमवार को नगर परिषद कोठरी अध्यक्ष के कार्यालय पठार के सामने कांग्रेसियों ने घंटा बजाकर प्रदर्शन किया। भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय द्वारा मीडिया के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करने और उन्हें 'घंटा' कहकर संबोधित करने के विरोध में युवा कांग्रेस के नेतृत्व में के नेतृत्व में विपक्ष ने उग्र प्रदर्शन किया। स्थानीय भाजपा कार्यालय पर विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया और 'घंटा बजाओ' आंदोलन के जरिए अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विपक्षी नेता युवा कांग्रेस कोठरी अध्यक्ष नवीन मुकाती ने कहा कि सत्ता के अहंकार में डूबे नेता अब मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ चुके हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। जब पत्रकार जनता के सवाल पूछते हैं, तो उन्हें 'घंटा' कहना न केवल पत्रकारों का अपमान है, बल्कि यह करोड़ों देशवासियों की आवाज को दबाने की कोशिश है।

### क्यों बजाया गया घंटा

विपक्ष ने अनोखे अंदाज में विरोध जताते हुए दर्जनों घंटे और घंटियां बजाए। विपक्ष के नेता ने तंज कसते हुए कहा कि चूँकि विजयवर्गीय को मीडिया 'घंटा' नजर आता है, इसलिए आज हमने यह घंटा बजाकर सोई हुई सरकार को जगाने का काम किया है। यह गूँज इस बात का प्रतीक है कि जनता अब चुप नहीं बैठेगी।

### विपक्ष की मुख्य मांगें

कैलाश विजयवर्गीय अपने अमर्यादित बयान के लिए मीडिया और जनता से सार्वजनिक माफी मांगें।सत्ताधारी दल अपने नेताओं को भाषा की मर्यादा सिखाए।इस अवसर पर भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिन्होंने तानाशाही नहीं चलेगी और मीडिया का अपमान बंद करो के नारे लगाए। विपक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि माफी नहीं मांगी गई, तो यह आंदोलन प्रदेश स्तर पर उग्र रूप लेगा। किए गए विरोध प्रदर्शन के अवसर पर मुकेश भिंडी पार्षद, राजपाल खेरी पार्षद, घनश्याम देवदलिया, मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, आजाद वर्मा, प्रदीप वर्मा ,राजा भिंडी, कान्हा वर्मा, चंद्र वर्मा, दीपक जायसवाल और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जावर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घंटा बजाकर किया विरोध प्रदर्शन

# मोमबत्ती जलाकर 16 निर्दोष लोगों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर में ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदौर में मल मूत्र मिला हुआ दूषित पानी पीने से हुई 16 निर्दोष लोगों की मौत के विरोध में स्थानीय गांधी चौक बाजार में घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया। नारे बाजी की और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर एवं प्रभारी मंत्री के इस्तीफ़े होने चाहिए यह मांग की एवं जिम्मेदार लोगों पर एफआईआर होना चाहिए। इन सब के बाद 16 निर्दोष लोगों के चित्र के सामने मोमबत्ती जलाकर जावर ब्लॉक कांग्रेस के सभी साथियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और दूषित पानी पीने से बीमार हुए 2800 लोगों के जल्दी स्वस्थ होने की कामना की।

इस अवसर पर जावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने ब्लॉक के सभी साथियों की तरफ से स्थानीय विधायक कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के अपशब्द और मुख्यमंत्री के असंवेदनशील रवैया के विरोध में सांकेतिक रूप से घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया। मांग की कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई और एफआईआर की जाए। साथ में प्रभारी मंत्री, महापौर एवं विधायक के इस्तीफे होने चाहिए। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद राजेंद्र भरेवा, गोपाल कृष्ण अजमेरा, मनोज जैन, श्याम सोनी, वरिष्ठ पार्षद जाकिर हुसैन, मानसिंह ठाकुर सरपंच, राजेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व पार्षद, धीरज सिंह ठाकुर सेवादल अध्यक्ष, मयंक चौरसिया, पप्पू मंसूरी पार्षद, जगदीश प्रजापत, हरपाल सिंह ठाकुर ,सूरज सिंह ठाकुर, चेतन सिंह बमुलिया, मोर सिंह ठाकुर, जोगेंद्र सिंह ठाकुर,धर्मेंद्र सिंह ठाकुर मीडियाप्रभारी, पवन ठाकुर, अकबर मंसूरी, जोगेंद्र भाटी, जोएब, अरशद, सोनू मंसूरी, शुभम पाटीदार,जितेंद्र बागवान सहित अनेक कांग्रेस साथी उपस्थित हुए।

# सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण, जाना इतिहास



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर खजूरिया कासम के छात्र , छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया गया। जिसमें प्राचीन ऐतिहासिक भोजपुर मंदिर, पुरातात्विक सांची का स्तूप, पंचमढ़ी हील स्टेशन, सतपुड़ा के घने जंगल, जटाशंकर मंदिर, छोटा महादेव, बड़ा महादेव, प्रियदर्शनी, हांडी कोप, पांडव गुफा, बच्चों द्वारा पंचमढ़ी में जिप्सी में बैठकर खूब मौज मस्ती का आनंद उठाया। साथ में आंवली घाट पर मां नर्मदा मैया के पवित्र घाट पर सभी ने स्नान किया। इसके बाद सलकनपुर मंदिर में माता बिजासन के दर्शन कर सभी सकुशल घर पहुंचे। शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के प्राचार्य लखन सिंह ठाकुर, शिक्षक कमल किशोर कलमोदिया, जितेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, हीरालाल गोरिया, बलराम पाटीदार, अल्पना, शीतल, अभीशी, अंजली, एवं नंदनी उपस्थित थे।